सराहनीय कार्य थाना साइबर क्राइम जनपद फिरोजाबाद दिनांक 17-06-2024

थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा विभिन्न अभियोगों / शिकायतों में ठगी गयी धनराशि कुल 4,25,300/- रुपये को कराया गया वापस ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में , अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा विभिन्न अभियोगों व शिकायती प्रा0पत्रों में वादी / शिकायतकर्ताओं से ठगी गयी कुल धनराशि 4,25,300/- रुपयों को वापस कराया गया ।

विवरणः-

1. थाना साइबर क्राइम पर दर्ज अभियोग में वादी से फर्जी तरीके से ट्रेडिंग करवा कर ठगी कर ली गयी थी, जिसमें वादी मुकदमा को कुल 2,30,000/- रुपये उनके खाते में कराये गये वापस ।
2. NCRP पोर्टल पर दर्ज शिकायत में वादी को फर्जी तरीके से कॉल कर ठगी गयी सम्पूर्ण धनराशि 1,07,000/- रुपये वादी के खाते में करायी गयी वापस ।
3. 03 शिकायती प्रा0प0 पर वादियों के साथ किये गये 88,300/- रुपये के फ्रॉड में शिकायतकर्ताओं के पूरे शत-प्रतिशत 88,300/- रुपयों को उनको वापस कराया गया ।